सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-473
30/10/2018

जीविका की राज्य परियोजना प्रबंधक अर्चना तिवारी के असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 30 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जीविका में सामाजिक विकास की राज्य परियोजना प्रबंधक अर्चना तिवारी के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि उनका असामयिक निधन जीविका एवं बिहार की महिलाओं के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके प्रयासों का नतीजा है कि बिहार की महिलाायें अपने अधिकारों के प्रति एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ निरंतर सक्रिय रही। अर्चना तिवारी ने हमेशा अपने काम को एक मिशन माना तथा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गतिशील रही। शराबबंदी के पहले भी शराब पीने एवं शराब की बिक्री पर रोक के लिए जीविका दीदियों के साथ मिलकर अभियान चलाया था साथ ही दहेज विरोधी अभियान एवं बाल विवाह निषेध को भी जीविका से जुड़ी हर दीदी का अभियान बनाया।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******